**ALL INDIA CONGRESS COMMITTEE**
24, **AKBAR ROAD, NEW DELHI**
**COMMUNICATION DEPARTMENT**

**Highlights of Press Briefing** **14 October, 2020**

**Shri Pawan Khera, Spokesperson, AICC addressed media at AICC Hdqrs, today**

**श्री पवन खेड़ा ने पत्रकारों को संबोधित करते हुए कहा कि** उत्तर प्रदेश से निरंतर दिल दहला देने वाली वारदातें सामने आ रही हैं। हाथरस ने पूरे देश को झकझोर दिया था, मानवता को शर्मसार कर दिया था। उसके बाद जो रवैया उत्तर प्रदेश प्रशासन का रहा उससे सबको और पीड़ा हुई, दुख हुआ, गुस्सा तो खैर जायज है ही, लेकिन दुख बहुत ज्यादा हुआ।

गोंडा में 3 बच्चियों के साथ उनके घर पर रात को सोते हुए एसिड हमला हुआ। कल अलीगढ़ में एक पुजारी का शव मिला, हत्या कर दी गई उसकी। पिछले सप्ताह के अंत में बागपत की नहर में दो साधुओं के शव मिले, हत्या कर दी गई। आखिर क्या कारण है कि देश के निर्माण में अग्रणी भूमिका अदा करने वाला एक प्रदेश, इतना बड़ा प्रदेश ऐसी सुर्खियों में बना हुआ है, जिससे कि हम सब शर्मसार हैं। क्या कारण है कि अपराधियों के मन में एक वो आश्वस्त हैं अपराधी कि इस प्रदेश में जब तक यह सरकार है, उनका कोई कुछ नहीं बिगाड़ सकता। एनडीए का फुल फॉर्म तो नो डेटा अवेलेब्ल है ही, लेकिन अभी कुछ डेटा भी आया है। जो एनसीआरबी का 2019 के आंकड़े क्राईम के अगर हम उत्तर प्रदेश में देखते हैं, समस्त राज्यों की टेली है। Crime against women की जो श्रेणी है, जो कैटेगरी है, उसमें सर्वोत्तम सबसे ऊपर उत्तर प्रदेश, लगभग 60 हजार केसेस 2019 में। UP tops the category of crime against women as per the 2019 NCRB Data. Just in UP there were 2,424 dowry deaths, there were abatement to suicide, that is another category again वहाँ भी उत्तर प्रदेश आगे. Acid attacks में उत्तर प्रदेश आगे, Domestic violence, cruelty from the husband side, UP फिर वहाँ भी आगे। Kidnapping and abduction of women, उसमें उत्तर प्रदेश नंबर एक पर, सबसे आगे। शर्म आ जाती है ये देखकर कि इतना बड़ा प्रदेश इतना महत्वपूर्ण प्रदेश और उसकी ये हालत कर दी गई।

एक कारण जो प्राईमा फेसाइ देखने पर जो समझ में आता है कि क्यों एक आत्मविश्वास है अपराधियों के मन में, वो शायद सीधे-सीधे ये देखने को मिला कि पहली बार कोई चुनी हुई सरकार, जिम्मेदार सरकार, राष्ट्रीय पार्टी की सरकार खुलेआम अपराधियों के साथ खड़ी हुई, उनका बचाव करती हुई, उनके पक्ष में बोलती हुई सुनाई देती है। स्टूडियो में हम खुद झेलते हैं इस बात को, रोज झेलते हैं, कभी तो भारतीय जनता पार्टी के प्रवक्ता को आकर उस महिला, जो पीड़िता है, मृतका है, उसका चरित्र हनन करते हुए सुनाई देते हैं, इशारों-इशारों में कई बार डॉयरेक्टली बात करते हैं और कुछ ऐसे पेनेलिस्ट बैठे होते हैं स्टूडियो में जो पूरी तरह से भाजपा की विचारधारा के फोलोअर्स होते हैं। सरेआम क्योंकि उनके ऊपर तो कोई रोक-टोक नहीं होते, सरेआम वो महिला जो मृतका है उसके खिलाफ बोलते हैं और अपराधियों के पक्ष में बोलते हुए सुनाई देते हैं। आपने ये

कुलदीप सेंगर वाले केस में देखा कि कैसे स्वयं पार्टी के पदाधिकारी पक्ष में आ गए, उसके बचाव में, यही आपने चिन्मयानंद के केस में देखा, यही आपने कठुआ के केस में देखा, उत्तर प्रदेश से बाहर का भी एक उदाहरण बता दूं और अब हाथरस के भी देखने को मिला है, तो शायद हौसले बुलंद हो जाते हैं अपराधियों के जब उन्हें लगता है कि उनके साथ, उनके सिर पर आशीर्वाद है सरकार का। इससे ज्यादा भयावह बात उत्तर प्रदेश के आम नागरिक के लिए और नहीं हो सकती कि अपराधियों के साथ उत्तर प्रदेश की चुनी हुई सरकार खड़ी है। बचपन में हम आंदोलन जब करते थे, तो कुछ मुद्दे ऐसे होते थे, जहाँ पुलिस थोड़ी सोफ्ट हो जाती थी हमारे लिए, बच्चे थे शायद इसलिए भी सोफ्ट हो जाती थी, लेकिन कुछ मुद्दे भी ऐसे होते थे जब पुलिस सोफ्ट हो जाती थी, तब हम नारा लगाते थे कि अब डरने की क्या बात है, जब पुलिस हमारे साथ है। ये नारा अब उत्तर प्रदेश के अपराधियों के मन में है, उन्हें डर नहीं है क्योंकि भाजपा उनके साथ है, सरकार उनके साथ है, पुलिस उनके साथ है।

**Shri Pawan Khera said-** This is a matter of grave concern that criminals feel emboldened in UP, because they feel they have the blessing, the active support which can be heard, which can be seen by all of us, support of the Government. There can't be anything more dangerous, more scary for the common citizen of UP that the democratically elected Government is standing with the criminals and is not just standing with the criminals, is also indulging into a very-very petty level of character assassination of the victim. Victim shaming, वो वहाँ गई ही क्यों थी, उसके मोबाइल का रिकॉर्ड देखिए what kind of narratives are they trying to build? This is what has emboldened criminals in UP. We have got, we were recovering and it is very difficult to recover from what has happened in Hathras. The nation was just recovering from what happened in Hathras and you have another example of what happened in Gonda. Three young kids, young girls attacked in their own house while they were sleeping on the terrace with acid. Where is the law and order?

Temple priest, last week we heard about bodies of two temple priests, two sadhus that have recovered in the Kanal, in Baghpat. In April, there were similar examples of two priests being killed in Bulandshahr in their own temple and again yesterday we have one more example of a priest being killed in Aligarh. What kind of courage and where do they derive this courage from, is our question.

If you see the NCRB data of 2019, although it is now widely believed across the world that NDA stands for 'No Data Available' if you see what happened in the Parliament, you will realize the Government deliberately has no data available, very convenient. They will have all kinds of fake data from 1947 and before and after, but, when it comes to their own six years, no data is available. हमारे 70 साल का हिसाब मांगते हैं अपने 6 साल का डाटा नहीं रखते, but, NCRB of 2019 has come up with very disturbing, extremely shocking data on crime against women. Almost in every category from rape, to murder, to kidnapping, to domestic violence, to dowry issues, UP is either on top or at

least on top 2-3. I don't want to go through the entire data again with you which will be circulated I am sure, but, the fact of the matter is-

1. UP, unfortunately is leading in the tally of almost all categories of crime against women.
2. We have openly seen, all of us have seen and heard the ruling dispensation coming to the rescue of criminals, whether it was in Unnao, whether it was in Kathua, whether it was now in Hathras. The narrative building is so deliberate, it is against the victim, they indulge in victim shaming; they indulge in character assassination of the victim and at times, directly or indirectly openly support the criminal.

So, these two facts make it very clear that the common citizen of UP is:-

a. Afraid of increasing crimes in the states.
b. Has lost confidence in the Government.

Not just in the ability of the Government to protect the citizens, but, the intention of the Government which is worse.

जब भरोसा उठ जाता है सरकार से, सरकारी की नीयत से जब भरोसा उठ जाता है तो वो और ज्यादा कष्टदायक होता है। सरकार की क्षमता से भरोसा उठ जाता है वो कई बार हो जाता है। क्षमता एक मुद्दा है, लेकिन नीयत और बड़ा गंभीर मुद्दा है। If you do not intent to protect me, on the contrary you intent to protect the criminal, where do I stand in this state?

**On a question about demand from Hathras victim's family, Shri Khera said-** The demand from what we understood of the family, was a court monitored probe and you saw the day, when Congress Party with its leaders Rahul Ji and Priyanka Ji went to Hathras after struggling for two days, when they went to Hathras, finally when they were allowed, obviously, that was the first political party which came and stood with the victim.

Therefore, it was all over the news, you were all discussing it; you were all talking about it that evening. So, in the typical Modi-Shah formula of headline management suddenly you got some source based information that the CBI inquiry had been ordered; It was tweet by the Chief Minister. We waited for 7 days, there was Allahabad High Court also which rapped them over their knuckle_and finally you see, there is a CBI inquiry. There was no notification for 7 days and the SIT kept visiting, there were question marks on the local police, there were question marks on local administration, there were question marks were not raised by me or you, but, by the family members itself. Yet, the Government took 7 days, in fact, more to even notify the CBI inquiry. Whereas the demand of the family was very clear that they want a court monitored probe. I am not responding to your question directly, but, I am raising more questions because there are the times when answers lie more in questions than a straight yes or no answer, because these are very troubling

questions asked by the family members and the well wishers and the people of the village and we stand with those questions, we want to give voice to these questions.

**On another question about India's GDP and economy, Shri Khera said-** Mr. Chidambaram has respondent to it in his tweets I think, I saw some tweets of his. The overall health of the economy, much before the pandemic became an excuse for the Government, the overall health of the economy was in a horrible state as we all know, whether it was the record of unemployment, 45 year record of unemployment that was broken very successfully by this Government, whether it was the data on manufacturing, whether it was the data on agriculture produce, whether it was almost in all categories even before Covid, the economy was not at all doing well. Now, Covid comes and even in Covid, we saw the kneejerk reactions of the Government in terms of unplanned lockdown, in terms of giving false assurances that just give me 21 days and everything will be fine, in terms of the so called package of Rs. 20 lakh crores, a lot of such examples, which show that even during Covid, the Government did its best not to address the real issue. Why did Shri Rahul Gandhi Ji keep repeating, why does the Congress keep repeating, please, give money in the hands of the people, there is a reason why we do that, because in India, the engine for economic growth is demand driven, is consumption. How do you ensure that consumption happens? You need money, why was NYAY such a, I would say, historic intervention proposed by us. Why did MGNREGA become a historic intervention implemented by us, because that gave money in the country side for people to trigger consumption, for people to trigger demand? What happened two days ago Nirmala Ji announced some measures that were ridiculous, laughable? Do you expect 'X' percentage of Government employees with what you are offering them to trigger demand? I mean, it is worse than a joke it is so cruel that it can't even be a joke.

**On another question about Bangladesh per capita GDP going ahead of India, Shri Khera said-** The GDP of our neighbour, I have not so briefly try to explain to you, you already understand, the misdirected interventions of our Government. So, in a way, what I am about to say flows from what I said, because of those misdirected interventions, here we are when Bangladesh is overtaking you, when your GDP has gone down so much, that even Bangladesh is increasing. All respect to our neighbours but, they are overtaking and if the Government does not even realize or does not want to realize I would like to believe that they don't want to realize, that's why, they keep indulging into headline management, they keep indulging into creating new events, distracting our attentions from the actual issue which is this.

**बांग्लादेश की प्रतिव्यक्ति जीडीपी भारत की जीडीपी से आगे निकलने के संदर्भ में पूछे एक अन्य प्रश्न के उत्तर में श्री पवन खेड़ा ने कहा कि** कोविड़ महामारी के पीछे छुपकर कोई कह दे कि इसकी वजह

से भारत की अर्थव्यवस्था तबाह हुई, तो ये एक बहुत बड़ा झूठ होगा क्योंकि उससे पहले ही तबाही की दास्तां शुरु हो चुकी थी, आज से नहीं, 6 साल से चल रही है। नोटबंदी से शुरु हुई, जीएसटी पर थोड़ी लड़खड़ाई, उसके बाद तो आपने तबाही मचा दी। एक के बाद आपके निर्णय ऐसे आए कि अर्थव्यवस्था लड़खड़ाते-लड़खड़ाते अब गिर गई। जीडीपी की दर हमने देखी -23.9 प्रतिशत और जो सरकार ने कोविड़ के दौरान जो निर्णय लिए, वो लॉकडाउन बिना किसी प्लानिंग के ना मजदूर के लिए कोई प्लानिंग, ना छोटे उद्योगों के लिए कोई प्लानिंग, ना दुकानदार के लिए कोई प्लानिंग, किसी के लिए कोई प्लानिंग के बगैर जो आपने लॉकडाउन किया, उससे भी एक बहुत बड़ी चोट पहुंची अर्थव्यवस्था को। फिर आपने 20 लाख करोड़ के पैकेज की बात की, वो कहाँ है, किसी को नहीं दिख रहा है। किसी भी वर्ग से आप पूछ लो 20 लाख करोड़ अगर सरकार ने डाला है अर्थव्यवस्था तो कहीं दिख रहा है, कोई प्रभाव तो दिखना चाहिए, नहीं दिख रहा। कोई भी व्यक्ति जो हिंदुस्तान की अर्थव्यवस्था का ए बी सी में से ए भी समझता हो, वो जानता है इस बात को कि हिंदुस्तान की अर्थव्यवस्था कंजप्शन ड्रिवन है। जितना लोगों के हाथ में पैसा होगा, वो खरीददारी करेंगे, अर्थव्यवस्थआ को बूस्ट मिलेगा, संबल मिलेगा। ये बात सरकार को किसी भी तरह से समझाई जाए, वो समझना नहीं चाहते। मनरेगा ने क्या किया, मनरेगा ने यही किया कि ग्रामीण भारत के हाथ में पैसा आया और ग्रामीण अर्थव्यवस्था चल पड़ी। न्याय क्या था- जो राहुल गांधी जी बार-बार न्याय की बात करते हैं, वो क्या था, वो यही था। लोगों के हाथ में जब पैसा होता है, तब वो खर्च करते हैं, जब वो खर्च करते हैं, तब अर्थव्यवस्था चलती है। ये भारत की अर्थव्यवस्था को एक या दो लाइनों में अगर समझना चाहे तो ये है भारत की अर्थव्यवस्था, it is consumption driven. इस बात को वो नहीं समझना चाहते। 20 लाख करोड़ दे देंगे, ये कर देंगे, वो कर देंगे, अर्थव्यवस्था का क्या हुआ, मुझे ये बताईए? क्या लोगों का परचेजिंग पावर बढ़ा, क्या लोगों की जेब में पैसा आया – नहीं। आज स्थिति ये है कि बांग्लादेश की जीडीपी हमारे से आगे बढ़ गया है। तो उसके लिए मोदी साहब ने पूरी मेहनत की है, ऐसे नहीं गिराई है अर्थव्यवस्था, आज से मेहनत नहीं कर रहे हैं, 2014 से लगे हुए हैं और हमारी बदकिस्मती है कि 2024 तक लगे रहेंगे। ये पूरी मेहनत का फल आप सबके सामने है।

**एक अन्य प्रश्न कि बिहार चुनाव में सीटों के बंटवारे को लेकर कांग्रेस के बीच में घमासान हो रहा है, उस पर क्या कहेंगे? श्री खेड़ा ने कहा कि** किसने बताया, किसको बताया, कहाँ सुना, किसने सुना, मैंने तो पहली बार सुना। तो इसका तो जवाब मैंने आपको दे दिया। रही बात घमासान की, ये शब्द मुझे बड़ा प्यारा लगता है, क्योंकि हमेशा कांग्रेस के लिए इस्तेमाल होता है, अच्छा लगता है ये। अगर एक सीट पर 10 लोग टिकट मांग रहे हों, ये मुझे लगता है कि अच्छा संकेत होता है, अच्छा संकेत मानता हूं। जहाँ पर भी एक सीट पर ज्यादा लोग टिकट मांग रहे हों तो ये अच्छा संकेत है। इसको मैं घमासान नहीं कहता हूं, ये एक जीवंत संगठन का उदाहरण दिखता है। it's an example of robust organization, where on one seat there are more than 5-10 claimants. I am very proud of the fact that there are more people coming than there were earlier.

**महाराष्ट्र के संदर्भ में पूछे एक अन्य प्रश्न के उत्तर में श्री पवन खेड़ा ने कहा** कि जो राज्यपाल महोदय ने किया महाराष्ट्र में, वो चौंका देने वाला है। कोई भी राज्यपाल, पहले भी राज्यपाल रहे हैं, वो अलग-अलग विचारधारा से आए हुए होते हैं, सबकी विचारधारा होती है, उसमें किसी को आपत्ति नहीं है। लेकिन जब आप संविधान की शपथ लेते हो, तब you are no longer a member of a party, तब आप पार्टी की बात नहीं सोचते हैं, तब आप सिर्फ और सिर्फ संविधान के बताए रास्ते

पर चलने के प्रति प्रतिबद्ध हो, कटिबद्ध हो, आप कुछ और कर ही नहीं सकते। तो ये जो उदाहरण है, ये एक और उदाहरण आपके सामने आया है कि किस तरह से पूरी संवैधानिक व्यवस्था पर हमले हो रहे हैं। एक के बाद हो एक रहे हैं, every institution is under attack , जब हम ये कहते हैं तो we are not exaggerating, ये सामने आपको दिखता है। आप शपथ लेकर जिस संविधान की आते हो, उसी संविधान पर उस पद पर बैठ कर हमला बोलते हो, इससे बड़ा अपराध क्या हो सकता है?

**On another question Shri Khera said-** it doesn't really matter what I think or what anybody else who is not a part of the investigation thinks. What is important is, what is finally investigated and whether it stands the test of law in the court, beyond that, I don't think, anybody whether it is somebody who is quoting from some sources in the Government or me, we should not indulge in any speculation.

**Sd/-**
**(Dr. Vineet Punia)**
**Secretary**
**Communication Deptt,**
**AICC**